हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 मई 2024

06 नगर में बढ़ता जा रहा आवारा मवेशियों का आतंक...



07 सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों की ...





### पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शवों को किया परिजनों के सुपुर्द

# मोहनी एकादशी पर्व पर नर्मदा नहाने आए दो किशोरों की डूबने से मौत

मोहनी एकादशी पर्व पर आयोजित नर्मदा के तट पर भंडारा कार्यक्रम में परिनजों के साथ शामिल होने आए दो 15 वर्षीय किशोरों की नर्मदा में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। होमगार्ड के जवानों द्वारा तलाशी के बाद बड़ी मशक्कत के साथ दो किशोरों के शव बरामद कर लिए हैं। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने दोनों किशोरों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं। इधर पिपरिया के पास सांडिया के नर्मदा घाट पर ज्वारे विसर्जन के लिए परिजनों के साथ आई एक 8 वर्षीय बालिका की भी नर्मदा में डूबने से मौत हो गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

मोहनी एकादशी के पर्व पर नर्मदापुरम के मंगलवारा घाट पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम में शामिल होने आए दो करीब 15 वर्षीय किशोरों की सेठानीघाट पर नहाते समय डूबने से मौत हो गई। दोनों किशोरों का शव होमगार्ड के जवानों ने तलाशी के दौरान बरामद कर जिला चिकित्सालय भेजा। यहां चिकित्सकों ने दोनों किशोरों की मौत होने की





पुष्टि की। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद दोनो शवों को परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार शहर के सेठानी घाट पर पानी में डूबने से 2 नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। दोनों लड़कों की उम्र 15 साल है तथा आपस में मामा-बुआ के बेटे थे। कुणाल पटेल इटारसी के ग्राम सोनासांवरी और अक्षत पटेल मेहरागांव का रहने वाला था। घटना सुबह 9 से 10 बजे की बताई जा रही है। दोनों किशोर का परिवार और रिश्तेदार आज मोहिनी एकादशी के भंडारे के लिए मंगलवारा घाट पर आए थे। दोनों किशोर नहाने का कहकर सुबह 9 बजे सेठानी घाट के लिए निकले थे। डेढ़ दो घंटे बाद भी नहीं लौटने पर परिजनों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। सोशल मीडिया पर भी दोनों की तस्वीर डालकर लापता होने का मैसेज पोस्ट किया। परिजन ढूंढते हुए सेठानी घाट पहुंचे। घाट पर सीढ़ी पर उनके कपड़े दिखे। फिर उनकी तलाश शुरू की। घाट पर मौजूद होम गार्ड स्टाफ और गोताखोरों ने दोनों लड़कों को नदी में ढूंढना शुरू किया। दोपहर करीब पौने दो बजे दोनों बालक को रेस्क्यू कर निकाला गया। लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि डूबने वाले लड़कों के नाम कुणाल (15) पिता महेंद्र पटेल सोनासांवरी (15) और अक्षत पिता कैलाश पटेल (15) निवासी मेहरागांव हैं। घटना के बाद परिवार और रिश्तेदार पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे है। किशोर की मौत से परिवार में मातम पसर गया है। माता पिता समेत अन्य का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पिपरिया के सांडिया में नर्मदा में ज्वारे विसर्जन के दौरान 8 वर्षीय बालिका की डूबने से मौत



शनिवार को परिवार के साथ नर्मदा नदी ज्वारे विसर्जन के लिए गई 8 वर्षीय बालिका का लापता हो गई थी, जिसका शव रविवार सुबह पुलिस ने बरामद कर लिया है। सांडिया चौकी प्रभारी किशन उईके ने बताया रविवार सुबह सर्रा घाट नर्मदा नदी से बालिका का शव बरामद हो गया है। उन्होंने बताया खापर खेडा निवासी मधुर मेहरा ज्वारे विसर्जन के लिए अपनी 8 साल की बेटी दिव्या मेहरा को लेकर शनिवार को नर्मदा नदी गए थे। ज्वारे विसर्जन के बाद बेटी के नहीं मिलने पर उन्होंने पहले बच्ची को तलाश किया। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच घाट के आसपास और बस्ती में बच्ची को तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। इसके बाद थाना प्रभारी गिरीश कुमार त्रिपाठी ने पुलिस बल और गोताखोर से शनिवार को नदी में बच्ची की सर्चिंग कराई। उन्होंने होम गार्ड दल को भी रेस्क्यू के लिए सूचित किया। सहायक उप निरीक्षक प्रकाश राजपूत ने बताया कि रविवार सुबह एक नाविक ने पुलिस को बताया कि सर्रा घाट किनारे पर कोई शव पड़ा है। सुबह पुलिस तत्काल घाट पहुंची परिजनों के सामने ही नदी से शव को बाहर निकाला। वहीं पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर को मधुर मेहरा की 8 साल की बेटी दिव्या मेहरा नहाने के दौरान पानी में डूब गई थी। रविवार सुबह करीब 8 बजे 15 घंटे बाद बालिका का शव घटनास्थल सीताराम घाट से काफी दूर सर्राघाट से बरामद किया गया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। वहीं शनिवार को नर्मदा नदी में नहाने के दौरान तीन बच्चों को डूबने से बचाया गया। सांडिया सरपंच रामजी दीक्षित ने बताया नहाने के दौरान मस्ती करते तीन बच्चे पानी में डूबने लगे। उन्हें नविकों की मदद से बचा लिया गया। परिजन नर्मदा नदी बच्चों को लेकर आए तो उनका ध्यान जरूर रखें, मस्ती और लापरवाही में ऐसी घटनाएं होती हैं।

# बगैर अनुमति के पोकलेन मशीन से मिट्टी का अवैध उत्खनन जारी

### तहसीलदार ने कहा प्रस्ताव खनिज विभाग को भेजा था

हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

सिवनी मालवा में ग्राम पंचायत रूपादेह के अंतर्गत आने वाले ग्राम तोरनिया में सड़क से लगे हुए एक तालाब से पोकलेन मशीन से मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा है। मिट्टी का उपयोग रोड निर्माण में किया जा रहा है। ग्राम तोरनिया से भिलाडिया तक सडक निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए ठेकेदार बिना अनुमति ही तालाब से मिट्टी का उत्खनन कर डंपरों के माध्यम से सड़क निर्माण के लिए कर रहा है।

ग्राम पंचायत रूपादेह सचिव सुदामा रघुवंशी ने बताया कि ठेकेदार ने पंचायत से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली है। वहीं ठेकेदार का कहना है कि मैंने तहसील कार्यालय से अनुमति ली है। जनपद पंचायत सीईओ श्रुति चौधरी ने बताया कि जनपद पंचायत से किसी प्रकार के मिट्टी उत्खनन की अनुमति नहीं दी गई है।



#### किसी तालाब से मिट्टी निकालने अनुमति नहीं

तहसीलदार राकेश खजूरिया ने बताया कि अनुमति के लिए हमने प्रस्ताव जिला खनिज विभाग को भेजा था अभी अनुमति हो मिली है या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। पूरे मामले में जब एसडीएम सरोज परिहार से मिट्टी के उत्खनन को लेकर चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि एसडीएम कार्यालय से भी किसी प्रकार के तालाब से मिट्टी निकालने की अनुमति नहीं दी गई। यदि कोई उत्खनन कर रहा है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तोरनिया से ग्राम भिलाडिया कला तक सड़क निर्माण किया जा रहा है। जिसमें तालाब से मिट्टी खोद कर डाली जा रही है। उत्खनन से तालाब में बड़े-बड़े गड्ढे बनाए जा रहे हैं। जिससे दुर्घटना का खतरा बन गया है।

# अज्ञात कारणों के चलते आरक्षक ने लगाई फांसी

### हरदा में पदस्थ था अमित गौर

हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर के नंदविहार कालोनी में रहने वाले एक पुलिस कर्मी ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना शनिवार-रविवार की रात करीब 1 बजे की है। घर में पुलिसकर्मी का शव फांसी के फंदे पर मिला। जिसे फंदे से निकाल परिजन जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने मृत घोषित किया। पुलिस कर्मी अमित पिता रामनारायण गौर (42) नंदविहार कॉलोनी नर्मदापुरम में रहते थे। उनकी पोस्टिंग हरदा पुलिस विभाग में थी। जो हरदा एडिशनल एसपी की गाड़ी के ड्राइवर थे। अमित गौर ने फांसी क्यों लगाई, ये अभी स्पष्ट नहीं हो पाया। कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया। एसआई डीएल विश्वकर्मा ने बताया आरक्षक अमित ने घर में फांसी लगाई। परिजन उसे अस्पताल ले आएं थे। फ़िलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।



अधिक शराब पीने की बात सामने आ रही है। मामले में जांच की जा रही है। रविवार को सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ। जिसके बाद परिजन शव घर ले गए। एसडीओपी पराग सैनी ने बताया आरक्षक अमित हरदा में पदस्थ था। उसने सुसाइड क्यों किया। ये जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। हरदा एएसपी राजेश्वरी ने बताया अमित आरक्षक थे। जो मेरी सरकारी गाड़ी चलाते थे। आखिरी बार शुक्रवार को वे आए थे। शनिवार को आना था, लेकिन वे नहीं आए। आरक्षक अमित कभी ऐसे कोई तनाव में भी नहीं दिखा।

### स्वावलंबी बनाने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम

**नर्मदापुरम।** युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत उद्यमिता विकास केंद्र मध्य प्रदेश (सेडमैप) द्वारा सभी 55 जिलों में 37 विभिन्न सेक्टर में युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (डीआईसी) अंतर्गत संचालित शासकीय स्वरोजगार योजनाओं की सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए सर्टिफिकेट आवश्यक होता है। इसके लिए एक व्यापक कार्यक्रम तैयार किया गया है, जो इच्छुक और छोटे व्यवसाय उद्यमियों के लिए, व्यावसायिक उद्यमों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और मौजूदा व्यावसायिक इकाइयों के विकास को बढ़ावा देगा, पाठ्यक्रम में पठन सामग्री, विडियो आधारित ट्यूटोरियल, केस-आधारित दृष्टिकोण भी पाठ्यक्रम में प्रदान किया जाता है। केंद्र द्वारा डीएलईसी फोरलेन फार्मूला आधारित 'सर्टिफिकेट इन बिजनेस स्किल, डिसेंट्रलाइजेशन, लोकल, एंटरप्रेन्योरशिप तथा कोऑपरेशन' के साथ 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सर्टिफिकेट का संयुक्त संचालन किया जा रहा है।

# मेहर गढ़वाल समाज ने मां नर्मदा को अर्पित की चुनरी



हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

मेहर गढ़वाल समाज युवा शक्ति समिति द्वारा भक्तिभाव के साथ विशाल चुनरी यात्रा निकालकर मां नर्मदा को चुनरी ओढ़ाई। इस दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण की समस्त पदाधिकारियों ने शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान शपथ ग्रहण समारोह हुआ और प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष हीरालाल गोहिया ने बताया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने का सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया।

विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक मनोहर लाल हनोतिया, अध्यक्ष हीरालाल गोहिया, उपाध्यक्ष महेश हनोतिया, सचिव सुरेंद्र, शत्रुघ्न झा सहित समाज के सैकड़ों लोग एकत्रित हुए।

### यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण के लिये बना है पॉक्सो अधिनियम

हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के उद्देश्य से पॉक्सो प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट (पाक्सो) अधिनियम बनाया गया है। इस अधिनियम को महिला और बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2012 में पॉक्सो एक्ट-2012 के नाम से बनाया है। इस कानून के अंतर्गत नाबालिग बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न, यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे यौन अपराध और छेड-छाड के मामलों में कार्रवाई की जाती है। इस कानून के तहत अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग सजा निर्धारित है। यह अधिनियम पूरे भारत में लागू है। पॉक्सो कानून के तहत सभी अपराधों की सुनवाई एक विशेष न्यायालय द्वारा कैमरे के सामने बच्चों के माता-पिता या जिन लोगों पर बच्चा भरोसा करता है, उनकी उपस्थित में होती है।

# स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

रविवार को जय हो समिति द्वारा परमहंस घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। संस्था का निरंतर 224 सप्ताह से सफाई अभियान जारी है। यह अभियान सुबह 8 से 10 तक चलाया गया।

इस अभियान में समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के सदस्य सागर पटैल, लोकेश विश्नोई, विकास गुप्ता, संजु प्रजापति, पीतम चक्रवर्ती, कामेश नेमा ने अपना विशेष योगदान दिया। समिति के सदस्यों ने सभी जनता से अपील की नदी में किसी भी प्रकार की सामग्री विसर्जित ना करें।

# केंद्रीय जेल में 62 पुरुष व 10 महिला बंदियों के दांतों का किया गया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में समाजसेवी भावना विष्ट के सहयोग से निरुद्ध दन्त रोग से पीड़ित बंदियों के दन्त रोग संबंधी जांच एवं उपचार के लिए शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवम गौर, चिकित्सक सहायक प्रिंस यादव, अवधेश सिंह, अनुपमा उईके द्वारा दन्त रोग से पीड़ित 62 पुरुष बंदी एवं 10 महिला बंदियों को जांच कर उपचार दिया गया एवं 01 बंदी के दांत की सर्जरी की गई। आयोजित शिविर के दौरान जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप



अधीक्षक प्रहलाद सिंह वरकडे, अष्टकोण अधिकारी हितेश चंडिया, इन्दू राज साहू मेलनर्स एवं जेल स्टाफ , कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मप्र टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने नए डेस्टिनेशन की खोज को लेकर सतपुड़ा के जंगलों में की ट्रेकिंग

# पर्यटकों के लिए पर्यटन स्थल पचमढ़ी बन रहा है पहली पसंद: मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में सतपुडा के घने जंगलों में पर्यटन की अपार संपदा ओर संभावनाएं मौजूद है जिसकी विश्व के नक्से में अपने एक खास पहचान है जो पर्यटकों को लुभाती है साथ ही समृद्ध विरासत जिनका सदियों पुराना इतिहास सजोये हुए है ऐसी संस्कृति जो देखते बनती है आज भी वह अपनी पहचान के लिए हुए है जो किसी की मोहताज नहीं।

सतपुड़ा के जंगलों में विविध वन्यजीवन एवं ऐतिहासिक धरोहरें जो दुनियाभर में प्रसिद्धि लिए हुए है इसका साफ प्रमाण है कि आज लाखों पर्यटक पचमढ़ी की हसीन वादियों में पहुंच रहे हैं मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पचमढ़ी में पर्यटकों के लिए नए नए डेस्टिनेशन खोजकर पॉइन्ट की गिनती तो बड़ा ही रहे हैं साथ ही पर्यटकों का फुटफॉल भी बड़ा रहे हैं एवं इससे फुटफॉल के बढ़ने से क्षेत्रों का विकास के साथ रोजगार और व्यापार भी बढ़ रहा है स्थानीय संस्कृति और कलाकारों को का भी विकास हो रहा है ।



पचमढी पर्यटन स्थल पर पर्यटक सतपुडा की वादियों में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पर्यटक शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का लाभ भी ले रहे हैं। मप्र टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी (आईएएस) ने भी भागीदारी की और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। पचमढ़ी में तीन दिन ए एम डी ने स्वयं सुबह उठकर साथ ही गाइड को लेकर सभी पचमढ़ी के पर्यटन स्थलों का दौरा किया बड़े महादेव, रीचगढ़, बीफाल, धूपगढ़, पांडव गुफाएं, राजेन्द्रगिरी, हांडी खोह, जटाशंकर, गुप्त महादेव जैसे सभी पॉइन्ट पर उन सभी पॉइन्ट पर पर्यटकों की परेशानियों को जाना एवं सुविधाओं को लेकर स्वयं ही पर्यटकों से रूबरू हुईं साथ ही पर्यटन स्थल के विभिन्न पोइन्ट पर गाइडों से जानकारी ली।

नए डेस्टिनेशन को लेकर चर्चा की एवं सभी पॉइंट्स के वीडियो, फोटो सूट कर स्टोरी बनाई एवं एम डी मुखर्जी ने कुछ नए डेस्टिनेशन का भी दौरा किया। रम्या कुंड पचमढी में प्रकर्ति की गोद मे बना एक अनोखा पर्यटन स्थल रम्या कुंड उथला कुंड है जिसका पानी क्रिस्टल क्लीन हर्बल पूल पचमढ़ी में कम पहचाने जाने वाले पर्यटन स्थलों में से एक है, सुंदर प्रपात,डचिसफाल जैसे अन्य ओर भी पर्यटन स्थल है जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है जिनतक अभी पर्यटकों को पहुंचने की जानकारी नही या फिर पर्यटक वहां ट्रेकिंग की वजह से नही जा पा रहे जबकि इन स्थानों पर पहुंचने के बाद लगता है कि दुनिया का सबसे सुंदर स्थान यही है ऐसे ही उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश तेजी से वेलनेस एवं स्वास्थ्य पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य, प्रदूषण मुक्त वातावरण अपने आप में एक वेलनेस केंद्र है, जहां देश-विदेश से आने वाले पर्यटक स्वास्थ्य लाभ लेते हैं एवं विभिन्न प्रकार के पर्यटन का अनुभव भी। एम डी बिदिशा मुखर्जी ने म.प्र. पर्यटन की विशेषता पर जोर दिया और बताया कि यहां प्राकृतिक सौंदर्य के साथ ही ऐतिहासिक धरोहरें मौजूद हैं, विविध वन्य जीवन रोमांचित करता है। शहरी जीवन से दूर लोग अब मध्यप्रदेश के ऐसे ऑफबीट डेस्टिनेशन की और रुख कर रहे हैं।

सतपुड़ा बायोस्फीयर परियोजना का एक अभिन्न अंग पचमढ़ी देश के सबसे समृद्ध एवं मनमोहक जंगलों में से एक है। यहां की समृद्ध वन्य जीवन, घास के विशाल मैदान, मनमोहक झरने एवं सुरम्य प्राकृतिक नजारों के बीच के दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करते है। यहां के विविध परिदृश्य, हरे-भरे जंगल, नदियां और मनोरम वादियां मन, शरीर और आत्मा को जीवंत कर देते हैं। देशभर से आए पर्यटकों ने यहां पर झरने के निकट मेडिटेशन, सूर्य कृपा, जटाशंकर मंदिर में भक्ति साधना, सनसेट पॉइंट पर चित्तशक्ति मेडिटेशन एवं जंगल ट्रेकिंग का भी आनंद ले रहे हैं।

सभी पर्यटन स्थलों पर रुकने के लिए होटल, रिसोर्ट, होमस्टे एवं टेंट सिटी की अच्छी व्यवस्था है साथ ही विभिन्न एडवेंचर गतिविधियां भी पर्यटन स्थल पर है जिससे पर्यटकों को अपनी च्वाइस अनुसार मनमाफिक जीवन जी सके। एएमडी मुखर्जी ने बताया कि मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा नर्मदापुरम जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी ताकि हर पर्यटन तक पहुंचे पर्यटक ओर पर्यटन स्थल का पूर्णतः लुफ्त उठा सके ऐसी होंगी सुरक्षित व्यवस्थाएं।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा का हुआ आयोजन

**शाहपुर।** शाहपुर मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर दूर ग्राम सिलपटी में पूर्वजों को नमन करने के लिए हन्नु सुनारिया परिवार के द्वारा संगीत में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 17 मई दिन शुक्रवार से सुंदर भक्ति में कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। उज्जैन से पधारे कथावाचक पंडित पवन शास्त्री ने बताया कि यह कथा स्वयं के मुखाग्रबिंद से सिलपटी ग्राम के भक्तों को और उसके आसपास के ग्राम के भक्त वहां कथा सुनने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कल सुंदर कलश यात्रा सबसे पहले ग्राम में आरंभ हुई। उसके पश्चात सुंदर श्रीमद् भागवत कथा का महत्व भक्तों को प्रथम दिवस सुनाया गया। कथा का द्वितीय दिवस में भागवत कथा प्रारंभ की गई और भक्तों को माता-पिता की सेवा, गौ माता की सेवा, और सनातन धर्म के संबंध में विस्तार से संगीत में कथा श्रवणित कराई गई।

### पुलिस ने 2 आरोपी के विरुद्ध की कार्रवाई

**बैतूल।** पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा,शराब की धरपकड़ अभियान के अंतर्गत दिनांक 18/05/24 को चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा उप निरी दिलीप यादव को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की छतरपुर रोड बगडोना एव जगजीवन नगर में सट्टा लिखा जा रहा है। मुखबिर सूचना अनुसार दबिश दी गई जो छतरपुर रोड बगडोना में एक व्यक्ति जिसका नाम सीताराम पिता खेमचंद डेहरिया निवासी बगडोना के कब्जे से 410/- रु और सट्टा सामाग्री ,जगजीवन नगर से मनकराब पिता बाकरू आठनेरे नि. जगजीवन नगर के कब्जे से 390/- रुपए एवम सट्टा सामाग्री जप्त कर दोनों आरोपी के विरुद्ध धारा 4 क सट्टा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त धरपकड़ में चौकी प्रभारी उप निरी दिलीप यादव, प्रा आर 333 आशिफ खान , आर 388 राजू बरकड़े, आर 608 सुभाष मंडलोई की भूमिका रही।

### भंडारे के साथ आज कथा होगी संपन्न

**बैतूल।** चिचोली के ग्राम ढोल्या में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण के 6वें दिन रविवार को श्रीकृष्ण- रूक्मिणी विवाह उत्सव मनाया गया। कथा वाचक पंडित गोविंद जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा जाता है। श्रीमद् भागवत का अर्थ होता है जो श्री अर्थात चैतन्य, सौंदर्य व ऐश्वर्य से युक्त है। ये वो वाणी है, वो कथा है जो हमारे जड़वत जीवन में चैतन्यता का संचार करती है और जीवन को सुन्दर बनाती है। उन्होने बताया कि श्रीमदभागवत महापुराण ऐसी कथा अमृत है जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। इसीलिए परीक्षित ने स्वर्गामृत के बजाय कथामृत की ही मांग की। क्योंकि इस कथामृत का पान करने से समस्त पापों का नाश हो जाता है। श्रीमद् भागवत कथा में व्यासपीठ पर विराजमान पंडित गोविंद जी महाराज ने उन्होंने कहा कि महारास का अर्थ जीव से जीव का मिलन नहीं अपितु ब्रह्म से जीव के मिलन को महारास कहा गया है। आज सोमवार विशाल भंडारे के साथ कथा को विराम लगेगा।

### कार में बिकने जा रहा 28 किलो से अधिक गांजा जब्त

**बैतूल।** अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी शाहपुर ने अपनी टीम के साथ मुखबिर सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के समस्त प्रावधानों का पालन कर प्रभावी कार्यवाही करते हुये 18 मई को हाईवे स्थित नव निर्मित टोल प्लाजा कुण्डी पर घेराबंदी कर वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग करते समय करीब 500 मीटर दूर चार पहिया वाहन खड़ा कर एक व्यक्ति भागते हुये दिखा। जिसको पकड़ने का प्रयास करने पर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। मौके पर सफेद वर्ना कार क्र 3427 की तलाशी मुखबिर के बताये अनुसार करने पर वाहन के पिछली सीट के पीछे मादक पदार्थ तस्करी हेतू बनाए गए केविन मे कुल 10 पैकेट खाकी कलर के टेप से लिपटे पाये गये। जिनका कुल वजन 28 किलो 700 ग्राम और कीमत रीबन 2,85,000 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन वर्ना कार क्र.3427 जिसकी कीमत करीबन 8 लाख रुपये,को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

### बच्चों और महिलाओं का घर से निकलना हुआ मुहाल

# नगर में बढ़ता जा रहा आवारा मवेशियों का आतंक, जिम्मेदार बने अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल शहर में आवारा मवेशियों का आतंक बढ़ता जा रहा है जिससे नागरिकों का सड़कों, चौराहों पर पैदल चलना दुश्वार हो रहा है। जगह-जगह पर घूमते आवारा पशुओं के झुंड और आए दिन चौक और गलियों में लड़ते सांड नागरिकों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। हाल ही में चंद्रशेखर वार्ड सदर क्षेत्र में दो सांडों में घंटो भयानक युद्ध चला। जिससे संपूर्ण क्षेत्र में आतंक का माहौल रहा। वार्ड के लोग एवं उनके वाहन सांडों की लड़ाई की चपेट में ना आ जाए, इसलिए वे सुरक्षित स्थानों को शरण लेने में लगे रहे और नगर में यह नजारा आए दिन देखा जा सकता है। हालांकि इस लड़ाई का अंत एक सांड के गंभीर रूप से घायल होने के साथ हुआ, किंतु बड़ा प्रश्न यह है कि बढ़ते आवारा मवेशियों के आतंक पर अंकुश कब लगेगा।

उल्लेखनीय है कि भगतसिंह वार्ड और चंद्रशेखर वार्ड, जहां इन आवारा मवेशियों का आतंक ज्यादा दिखाई देता है, यहां के वार्डवासी बताते हैं कि सबसे ज्यादा दिक्कत महिला और बच्चों को है। स्कूल से छुट्टी के बाद बच्चे रोड पर कई खेल खेला करते हैं और ऐसे में दौड़ते-भागते-लड़ते यह मवेशी, बच्चों के लिए बड़ा संकट है जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। इन मवेशियों के चलते महिलाओं को बाहर निकलने में डर लगता है। अनेको बार मवेशी सब्जी लेकर लौट रही महिलाओं के झोले में मुंह डाल देती है तो कइयों बार महिलाओं को झोला फेंक के घर खाली हाथ वापस आना पड़ता है।





**रविवार-गुरुवार के साप्ताहिक बाजार में मवेशियों का आतंक**

नगर में आवारा मवेशियों के आतंक का नजारा सदर क्षेत्र में प्रति रविवार एवं गुरुवार लगने वाले साप्ताहिक बाजार में देखा जा सकता है। जहां के सब्जी व्यापारी इन मवेशियों से आतंकित दिखाई देते हैं, वही सब्जी भाजी लेने आए विशेष तौर से महिलाओं में भी इनका डर दिखाई देता है। यह मवेशी बड़ी संख्या में साप्ताहिक बाजारों में घुसकर लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं और इन आवारा मवेशियों की विशेषता यह है कि इन्हें साप्ताहिक बाजार लगने वाले दिन का भी अहसास होता, प्रतीत होता है क्योंकि यह साप्ताहिक बाजार के दिन ही इस सब्जी बाजार में पहुंचते हैं और साप्ताहिक बाजार में घुसकर बिकने आई सब्जियों एवं फलों को नुकसान पहुंचाते है। जिसके चलते दूर-दराज से आए गरीब किसानों तथा सब्जी बेचने आने वाली गरीब, बुजुर्ग महिलाओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



**लंबे समय से हो रही आवारा मवेशियों पर अंकुश लगाने की मांग-**
नगरवासी लंबे समय से इन आवारा मवेशियों पर अंकुश लगाने के लिए इन्हें पकड़कर नगर पालिका की कढ़ाई गौशाला में ले जाकर उनके मालिकों पर जुर्माना करने की लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं किंतु इसका कोई नतीजा आज तक नहीं निकला। एक ओर नगर पालिका कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है, वहीं दूसरी ओर मवेशियों का आतंक निरंतर बढ़ता जा रहा है। यहा उल्लेखनीय है कि सदर क्षेत्र के दो वार्डो भगत सिंह एवं चंद्रशेखर वार्ड में ढेरो घरों में मवेशी पाले जाते हैं। और यह मालिक इन मवेशियों को घर पर पालने के बजाय आवारा छोड़ देते हैं और मवेशियों को प्रशिक्षित कर देते हैं कि वह घर जाकर दूध दे जाए और फिर बाहर घूमकर या तो लोगों को नुकसान पहुंचाकर या फिर प्लास्टिक पन्नी, वेस्त मतेरिअल खाकर यह बस-ट्रक की चपेट में आकर चौराहे पर दम तोड़ दे। नगर पालिका द्वारा ऐसे मवेशी पालकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए।

**इनका कहना-**
हमारे द्वारा समय-समय पर सूचना मिलने पर इन आवारा मवेशियों को पकड़कर नगर पालिका की कढ़ाई गौशाला भेजकर मवेशी पालकों पर जुर्माना लगाया जाता हैं। आपकी शिकायत पर मैं सोमवार को ही इन वार्डो में जानवर पकड़ने वाली नपा कर्मचारियों की टीम भेजकर आवारा मवेशियों को पकड़ावाता हूं। हमारी समस्या यह है कि इन वार्डो के ही कुछ स्थानीय रहवासी, उच्चाधिकारीयों से कहकर इन आवारा सांडो को पकड़ने में बाधा बनते हैं, और बिना जुर्माना दिए मवेशियों को छुड़वाने की कोशिश करते हैं।

**संतोष धनेलिया, स्वच्छता निरीक्षक, नगर पालिका बैतूल**

### दो घायल, कार चालक फरार

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर



**मुलताई।** नगर के समीप ग्राम डहुआ के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना में मोटर साइकिल पर सवार स्वाति बारंगे 20 वर्ष और धनराज खपरिए 45 वर्ष घायल हो गए। बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा की ओर से मुलताई की ओर आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक टल49अळ9332 ने मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटर साइकिल पर सवार दो लोग घायल हो गए। वही घटना के बाद कार चालक कार लेकर फरार हो रहा था। तभी अचानक कार का टायर फट गया और कार चालक कार छोड़ कर फरार हो गया। दोनो घायलों को उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वही अस्पताल द्वारा घटना की जानकारी से मुलताई पुलिस को अवगत कराया गया है।

### 12वीं में हासिल किए 95.2 व 87.5 प्रतिशत से अधिक अंक

# काजोल व विभोर सूर्यवंशी का सुयश




**बैतूल।** शहर के सबसे पुराने कम्प्यूटर संस्थान आईसीएसटी के संचालक द्वय सूर्यवंशी बंधुओं के लिए इस बार का सीबीएसई स्कूल का परीक्षा परिणाम दोहरी खुशी लेकर आया है। अकलांक पब्लिक स्कूल कोटा में अध्ययनरत सीबीएसई पैटर्न कक्षा 12वीं बायो की मेधावी छात्रा काजोल पिता महेश सूर्यवंशी ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तथा उनके भाई विभोर पिता पुरुषोत्तम सूर्यवंशी ने 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं परिवारजनों का मान बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि काजोल तथा विभोर सूर्यवंशी ने यह उपलब्धि अपने बड़े पापा पुरुषोत्तम सूर्यवंशी एवं पापा महेश सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में प्राप्त की है। दोनो बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं अपने माता-पिता तथा परिवारजनों के आशीर्वाद और उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, रिश्तेदारों, इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 20 मई को आयोजित होगा निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उइके ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत 20 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक जिला चिकित्सालय बैतूल में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शिविर में वृद्धजन का स्वास्थ्य परिक्षण आर्थोपेडिक, नेत्र रोग, स्त्री रोग, मेडिसिन, सर्जरी, डेंटल तथा मनोराग चिकित्सक के द्वारा किया जावेगा । 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर उन्हें उपचार प्रदान करने के साथ पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड एवं हेल्थ आई डी कार्ड बनाकर वितरण किया जाएगा।

### आठनेर नगर में आवारा पशुओं का आतंक

# नगर परिषद की निष्क्रियता से कांजी हाउस बना कबाड़ा हाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

आठनेर नगर में गौवंश को संरक्षित रखने के नाम पर नगर परिषद आठनेर द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया कांजीहाउस में कबाड़ रखा है और मवेशी सड़कों पर खुलेआम धमा-चौकड़ी मचा रहे हैं। सड़क पर खुला घूम रहे मवेशी, नगर में जहां गंदगी कर रहे, वहीं यातायात व्यवस्था भी ध्वस्त कर रहे हैं। वहीं सड़क पर चलते राहगीरों को भी परेशान कर रहे हैं। उपयोग न होने से कांजीहाउस बदहाल हो गया है, जबकि बदहाल पड़े कांजी हाउस को गौशाला में तब्दील कर उपयोग में लिया जा सकता है लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर परिषद आठनेर की निष्क्रियता के कारण नगर में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। कांजीहाउस की जीर्णशीर्ण स्थिति और अव्यवस्था से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आठनेर के कांजीहाउस की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। यह स्थान, जो आवारा पशुओं को रखने के लिए बनाया गया था, अब कबाड़ से भर चुका है। वहां न तो पशुओं के लिए उचित व्यवस्था है और न ही उनकी देखभाल करने वाला कोई है। कांजीहाउस की इस दुर्दशा के कारण आवारा पशु खुले में घूम रहे हैं, जिससे नगर में दुर्घटनाओं और असुविधाओं का खतरा बढ़ गया है।

**कांजी हाउस में रखा कबाड़, सड़क पर विचरण कर रहे मवेशी**




**आवारा पशुओं का आतंक**
आठनेर में आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। ये पशु सड़कों पर और सार्वजनिक स्थानों पर बेखौफ घूमते हैं, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न होती है और लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। कई नागरिकों ने इस समस्या की शिकायत की है।

**नागरिकों की मांग:** आठनेर के रहवासी सतीश ठाकरे एवं ए.के. जितपुरे ने बताया कि नगरवासियों ने नगर परिषद से कई बार मांग की है कि कांजीहाउस की स्थिति को तुरंत सुधारकर वहां आवारा पशुओं को रखा जाए। इसके साथ ही कांजीहाउस की सफ़ ाई और व्यवस्था के लिए नियमित निरीक्षण किया जाए। परंतु नपा आठनेर के अधिकारियों की निष्क्रियता के परिणामस्वरुप ही कांजीहाउस की दुर्दशा हुई है। नागरिकों का कहना है कि नप अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। अगर समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो न केवल नगर का सौंदर्य प्रभावित होगा, बल्कि नागरिकों खासकर महिलाओं व बच्चों को सड़कों पर निकलने पर खतरा बना रहेगा।

### मातम में बदली खुशियां, चाचा की शादी के एक दिन पहले भतीजे ने लगाई फांसी

**बैतूल।** जिले में घोड़ाडोंगरी तहसील के कचलोरा गांव में एक परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। यहां शनिवार को बीए फाइनल ईयर के छात्र ने पेड़ पर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। चाचा की शादी के एक दिन पहले उसने यह कदम उठाया। बैतूल जिले में घो?डोंगरी तहसील के कचलोरा गांव में एक परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। यहां शनिवार को बीए फाइनल ईयर के छात्र ने पेड़ पर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। चाचा की शादी के एक दिन पहले उसने यह कदम उठाया। सूचना मिलने पर चोपना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। चोपना पुलिस ने घोड़ाडोंगरी अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। चोपना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कचलोरा गांव में शासकीय बगडोना कॉलेज में बीए फाइनल ईयर के छात्र समीर मर्सकोले (20 साल) ने पे? पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र ने किन कारणों के चलते आत्महत्या की फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है। छात्र के चाचा की रविवार को शादी है। शादी के एक दिन पहले उसने पे? पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# पुलिस ने क्रेडिट कार्ड फ्रॉड करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



फरियादी शेख शहनाबाज पिता शेख जहीर उम्र 29 साल निवासी गर्ग कलोनी गंज बैतूल ने दिनांक 18/05/24 को थाना आकर रिर्पोट किया कि उसका खाता एचडीएफसी बैंक गंज में है। जो उसके घर पर एचडीएफसी बैंक से 22000रू, कि रिकवरी करने के लिये बैंक कर्मी आये थे। बैंक कर्मी द्वारा उन्हे बताया गया कि आपके केडिट कार्ड पर 22000 रू, कि रिकवरी निकली है।

फरियादी ने बताया कि उसके द्वारा कभी भी कोई क्रेडिट कार्ड जारी नहीं कराया गया है, न ही उसके द्वारा उपयोग किया जा रहा है, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके एचडीएफसी बैंक खाते से उसके नाम पर केडिट कार्ड जारी कर उपयोग कर उसके साथ 22000 रू. कि धोखाधडी कि गई है। फरयादी की रिर्पोट पर थाना गंज में अपराध कं 209/24 धारा 420 भादवि क दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। दौराने विवेचना फरियादी के एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड की जानकारी प्राप्त कि गई, केडिट कार्ड में रजिस्टेड मोबाइल नम्बर के आधार पर आरोपी अर्जुन पिता बस्तीराम विश्वकर्मा उम्र 30 साल नि. ग्राम सिगंरई खापा चिचोली हाल अर्जुन नगर किराये का मकान गंज, को हिरासत में लेकर पुछताछ की गई। जिसने बताया कि करीबन 01 साल पहले एचडीएफसी बैंक गंज में सेल्स एक्जीक्यूटिव पद पर पदस्थ था, उसी दौरान मेरे द्वारा शेख शहनाबाज के नाम का क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी कर बनाया था, जिसमे मैने अपना मोबाइल नम्बर रजिस्टेड कराया था। जो उक्त क्रेडिट कार्ड, मै करीब 01 साल से उपयोग कर शापिंग करता था। आरोपी अर्जुन विश्वकर्मा के कब्जे से फरयादी शेख शहनाबाज के नाम का एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड तथा उसका वीवो कपंनी का मोबाइल फोन तथा 02 सिम विधिवत जप्त किया गया। साथ ही आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी गंज निरी. रविकान्त डेहरिया, उनि अजय रघुवंशी, सउनि जीपी बिल्लौरे, आर अनिरूध्द, आर नवीन, आर मनोज एवं चालक दीपक सनोडिया की विशेष भूमिका रही है।

### मुख्य मार्ग पर खड़े चार पहिया वाहन बने मुसीबत, प्रशासन कर रहा किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार

# अतिक्रमण की भेंट चढ़ा मुख्य मार्ग का फुटपाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई नगर एक ऐसा अनोखा नगर है जहां फुटपाथ का उपयोग पैदल चलने के बजाय अतिक्रमण के लिए होता है। फुटपाथ के कारण आवागमन व्यवस्था बनाना तो दूर व्यवस्था चौपट हो गई है। मुख्य मार्ग से पैदल चलना तो कठिन है ही वाहनों के साथ गुजारना और भी कठिन है। अब तो इन फुटपाथ निर्माण पर ही सवाल उठने लगे हैं। क्योंकि फुटपाथ के कारण अब मार्ग दोनों ओर से 6 फीट छोटा हो गया है और अतिक्रमण दोनों ओर से लगभग 10 फीट पर होता है और उसके बाद 10 फीट में वाहन खड़े रहते हैं। मार्ग के शेष भाग से पैदल चलने वाले, दुपहिया वाहन, चार पहिया वाहन को इस मार्ग से गुजरने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। फुटपाथ और अतिक्रमण की समस्या के साथ ही सबसे बड़ी समस्या मुख्य मार्ग पर खड़े वाहनों की है पिछले दिनों पुलिस विभाग ने अलाउंस करके मुख्य मार्ग पर चार पहिया वाहन खड़े करने वालों को ताकीद किया था कि अगर वहां मुखी मार्ग पर खड़े रहेंगे तो चालानी कार्रवाई की जाएगी थाना प्रभारी ने सभी को एक सप्ताह का समय दिया था किंतु आज एक माह होने को है किंतु ना तो चालानी करवाई हुई ना अतिक्रमण पर ही अंकुश लग पाया। और आज मुख्य मार्ग पर खड़े वाहन किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण देते प्रतीत होते हैं। हालांकि इस क्षेत्र में अब तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है किंतु छोटी-मोटी दुर्घटनाएं प्रतिदिन होती रहती हैं। आमतौर पर सड़क निर्माण के दौरान फुटपाथ का निर्माण पैदल चलने वालों के लिए किया जाता है। किंतु मुलताई नगर में इन फुटपाथ का उपयोग व्यापारी अतिक्रमण के लिए करते हैं पूरे फुटपाथ के ऊपर तो व्यापारी का कब्जा और सामग्री होती ही है इसके बाद कितना अतिक्रमण किया जा सकता है इसकी प्रतिस्पर्धा भी निरंतर बढ़ती जा रही है।

**फुटपाथ खोजना हुआ कठिन**



नगर के मध्य से गुजरने वाला प्रमुख मार्ग जिसके थाने के सामने वाले भाग में काली मंदिर से लेकर ताप्ती द्वार तक सड़क पर बने फुटपाथ को खोजना कठिन है। किराना दुकानों की आधी से ज्यादा सामग्री दुकान के बाहर फुटपाथ पर ही रखी होती है और इसके बाद दो पहिया वाहन या लोड अन लोड करने वाले वाहन खड़े होते हैं। जिसको लेकर दुर्घटनाएं हो चुकी अनेक शिकायतें की गई किंतु कोई हल नहीं निकला। सामान लाने ले जाने के लिए दुकानों के सामने खड़े चार पहिया वाहनों के कारण यहां आए दिन जाम लगता है। डाउन पोजिशन होने के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। दुकानों के सामने खड़े मालवाहक वाहनों कारण साइड से गुजरने वाली दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अनेकों बार वाहनों को नुकसान होता है।

**देखते बनती है अतिक्रमण की प्रतिस्पर्धा**

इससे भीषण स्थिति अखाड़ा के सामने फुटपाथ कि है इस मार्ग के दक्षिण भाग में बने



फुटपाथ पर अतिक्रमण को लेकर व्यापारियों की प्रतिस्पर्धा देखते ही बनती है। कोई एक व्यापारी जब पूरे पद पर कब्जा कर लेता है तो दूसरा व्यापारियों से बाहर जाने का प्रयास करता है और समस्या उन व्यापारियों को ज्यादा होती है जो अतिक्रमण नहीं करते उनकी समस्या यह है कि दोनों ओर से 2 लोग उनकी दुकानों को ढक देते हैं इस प्रतिस्पर्धा में अनेक व्यापारियों ने अतिक्रमण इसलिए कर रखा है, क्योंकि बाजू वाले ने कर रहा है और जो व्यापारी अतिक्रमण नहीं कर रहे हैं। इस अतिक्रमण के चलते उनका व्यापार प्रभावित होता है। अनेक व्यापारी एवं नागरिकों ने हम से चर्चा में बताया कि आगामी समय में बनने वाले मार्ग में फुटपाथ का प्रावधान नहीं रखा जाए, क्योंकि फुटपाथ निर्माण से व्यवस्था बिगड़ती है और मार्ग छोटा हो जाता है।

### एक युवक को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया

# सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों की अब खैर नहीं, कार्रवाई जारी

**विगत दिनों विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब माफियाओं और शराब के शौकीनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सिटी पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने की खबरों के बीच ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब आधा दर्जन लोगों को पकड़ा है। इनके खिलाफ सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने पर मप्र आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है वहीं खुले में शराब पीने वाले 6 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। शनिवार की रात्रि में एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान एवं टीआई गौरव सिंह बुंदेला के कुशल मार्गदर्शन में सिटी पुलिस की दो टीम दो चार पहिया वाहनों में सवार होकर शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर अवैध शराब बिक्री एवं खुले में शराब पीने वालों को पकडने दबिश दी। पुलिस ने मालवीयगंज से एक युवक को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

#### अंग्रेजी शराब बेचते पकड़ा

पुलिस ने कंचन होटल के सामने मेन रोड पर सार्वजनिक स्थान पर अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री करते हुये उदित पिता विजय ठाकुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लगभग साढ़े आठ हजार रुपये कीमत की 14 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफ 34(1) आबकारी का मामला दर्ज किया है। इसी तरह से नयायार्ड में अंग्रेजी शराब की दुकान के पास एक महिला द्वारा शराब बेचने की सूचना पर पुलिस ने वहां पहुंचकर भी जांच की है।

#### खुले में बैठकर शराब पीने पर कार्रवाई

पुलिस ने खुले में शराब पीने वाले छह लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है जिसमें आरोपी रामभरोस पिता रिखीराम बरखने मेहरागांव, कमल पिता गुलाब खुनेरी निवासी नरेन्द्र नगर 12 बंगला तथा विक्की बरखने पिता विनोद बरखने को कंचन होटल के सामने से, सत्यनारायण चौधरी पिता हरिदास चौधरी, निवासी बोरतलाई, अशोक पिता हरिनारायण चौरे, निवासी बोरतलाई को गुरुद्वारे के सामने रेलवे स्टेशन रोड से, शेख नफीस पिता शेख हबीब, निवासी पीपल मोहल्ला को बैल बाजार मैदान से शराब पीते गिरफ्तार किया है।

# मतगणना कार्य के लिए चयनित अधिकारी व कर्मचारी पूरी पारदर्शिता का पालन करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले की चारों विधानसभा खंडो यथा नर्मदापुरम, पिपरिया, सोहागपुर एवं सिवनीमालवा की मतगणना 4 जून को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम में संपन्न की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए अपर कलेक्टर नर्मदापुरम को जिला नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी टी प्रतीक राव को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए जिले में पदस्थ विभागीय अधिकारियों के मध्य कार्य का विभाजन किया जाकर उन्हें मतगणना संबंधी कार्य निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने के लिए दायित्व सौपकर निर्देशित किया है कि वे सौंपे गये मतगणना संबंधी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में कराया जाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था यथा मतगणना परिसर में एवं मतगणना स्थल के अंदर/बाहर आयोग के निर्देशानुसार सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना स्थल के मुख्य मार्ग को परिवर्तन कर यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन, मतगणना उपरांत आयोग के मापदंड अनुसार ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी एवं दस्तावेजों को मतगणना स्थल से जिला ईवीएम वेयर हाउस में पहुँचाने तथा चुनाव मतगणना संबंधी समस्त दस्तावेजों को जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुँचाने आदि कार्यो को संपादित कराने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरूकरन सिंह, नोडल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह से मानव क्षमता प्रबंधन, मतगणना के लिए श्रेणी अनुसार गणना सुपरवाइजर, गणना सहायक, माईक्रो आब्जर्वर संबंधी कार्य आदेश जारी करने, टेबुलेशन कार्य, मतगणना के संबंध में आरओ द्वारा टेबुलेशन कार्य की मॉनिटरिंग एवं ईएनसीओआरई सॉफ्टवेयर में परिणाम अपडेशन कार्य तथा मतगणना स्थल पर आवश्यकतानुसार संचार व्यवस्था यथा एसटीडी के साथ टेलीफोन, इंटरनेट सुविधा विथ वाईफाई मोडल कार्य के लिए उप संचालक कृषि जेआर हेडाऊ, डीआईओ एनआईसी मनीष गुणवान एवं अनुविभागीय अधिकारी दूरभाष बीएसएनएल नितिन मालवीय को सहायक नोडल अधिकारी तथा मतगणना से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियों को 17-होशंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के हस्ताक्षर कराकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजने के लिए जिला योजना अधिकारी यूएस पठारिया, एपीसी विनोद तिवारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। मतगणना के लिए नियोजित अधिकारी, कर्मचारियों का मतगणन संबंधी प्रशिक्षण, विधानसभावार गणना प्रेक्षक, गणना सहायक, माईक्रो आब्जर्वर के लिए नियुक्त कर्मचारियों की डिकोडिंग की व्यवस्था, मतगणना स्थल पर मंच संचालन एवं उद्घोषणा की व्यवस्था, मतगणना स्थल पर अधिकारियों, कर्मचारियों के मोबाइल एकत्रित करने के लिए काउंटर स्थापित कर मोबाइन सुरक्षित रखना एवं उन्हें वापस करना, मतगणना स्थल में उपस्थित होने वाले सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों की सूची तैयार कर उन्हें नाश्ता, भोजन, पेयजल की व्यवस्था। भोजन व्यवस्था की सूची जिला आपूर्ति नियंत्रक को देना, गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर के परिचय पत्र तैयार कर द्वितीय प्रशिक्षण सत्र में वितरित किया जाना, मतगणना दिवस पर तृतीय प्रवेश द्वार पर हेल्प डेस्क की स्थापना एवं कर्मचारियों की नियुक्ति कार्य के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह बिसेन, जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम आशीष मोहन शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# समर्थन मूल्य पर खरीदी केन्द्रों पर अभी तक नहीं हुई पर्याप्त गेहूं खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



प्रतिवर्ष शासन के द्वारा कृषक सेवा सहकारी समिति सेवा सहकारी समिति के माध्यम से 14 केदो पर लाखों क्विंटल गेहूं की खरीदी होती थी। एक खरीदी लगभग 2 लाख क्विंटल के आसपास सवा लाख कुंतल तक गेहूं खरीदी होती थी। आठ खरीदी केंद्र पर लगभग 8 से 10 लाख क्विंटल गेहूं खरीदी होती थी। सरकार के द्वारा इस बार समर्थन मूल्य खरीदी में गेहूं की साफ सफाई एवं ग्रेडिंग को लेकर सख्ती बरती गई तो एक खरीदी केंद्र की खरीदी पूरे 14 केन्द्रों की खरीदी पर भी पूरी नहीं हो पाई है। किसानों से जो राशि वसूली में लेना थी वह भी वसूली नहीं हो पाई है इस बार किसानों ने सारा गेहूं कृषि उपज मंडी में व्यापारियों को भेज दिया है समर्थन मूल्य पर बड़े-बड़े किसानों के द्वारा गेहूं नहीं बेचा गया है जिसके कारण उनकी ऋण की राशि की वसूली भी नहीं हो पाई है। जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक कमलेश पटेल ने बताया कि 3135 सलाट बुक किए गए थे। जिसमें से 1698 किसानों ने अपना गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचा है। जिसमें अभी तक 15573 क्विंटल गेहूं खरीदो गई है। जिसमें से 174523 क्विंटल गेहूं की खरीदी होने के बाद परिवहन हुआ है शेष 13565 क्विंटल केन्द्रों पर अभी पड़ा है जिसमें से 848 क्विंटल गेहूं शेष खरीदी केदो पर है जिसका परिवहन नहीं हो पाया है और 1517 कुंतल गेहूं रिजेक्ट हुआ है जिसकी अभी तक खरीदी केदो पर छनाई एवं गिरीडिंग की जा रही है। इस तरह से देखा जावे तो प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य पर नहीं हो पाई है वहीं पर प्रधानमंत्री के द्वारा लगातार 5 वर्ष तक निशुल्क राशन देने की घोषणा की गई है ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री की घोषणा की पूर्ति कैसे हो पाएगी इस बात को लेकर अधिकारी जवाब नहीं दे पा रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी से इस बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार खरीदी गई है।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शिक्षा वर्ग सेवा भारती छात्रावास में प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



15 दिवस तक चलने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग का प्रारंभ इटारसी स्थित सेवा भारती के छात्रावास डोलरिया रोड धुरपन ग्राम में हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत के प्रांत कार्यवाह हेमन्त सेठिया, वर्ग कार्यवाह कदम सिंह मीणा एवं सर्वाधिकारी घनश्याम रघुवंशी उपस्थित रहे। सामूहिक जीवन को व्यापक संदर्भ में समझना, स्वयं के लिए कठोर अनुशासन रखना, अपनी सुविधा से पूर्व दूसरों की सुविधा का ध्यान रखना, उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संघ शिक्षा वर्ग (तरूण व्यवसायी) के सर्वाधिकारी घनश्याम रघुवंशी ने संघ शिक्षा वर्ग के उद्घाटन सत्र में व्यक्त किए। श्री रघुवंशी ने कहा कि संघ शिक्षा वर्ग में हमें मन की साधना, स्व-अनुशासन, त्याग में आगे, भोग में पीछे, सामूहिक जीवन में होने वाली असुविधा को स्वीकार करते हुए प्रशिक्षण लेना है।

प्रशिक्षण में हमें ध्यान रखना है कि शिक्षार्थी करने वाले हैं, अर्थात सीखने की भूमिका में हैं। शिक्षक कराने वाले अर्थात सिखाने वाले हैं। संचालन टोली देखने वाली अर्थात सभी व्यवस्थित हो इसका ध्यान रखने वाली है। 15 दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में मध्य भारत प्रांत के संघ की रचना अनुसार 31 जिलों के 324 शिक्षार्थी प्रशिक्षण लेने वाले हैं। इस संघ शिक्षा वर्ग में प्रातः 04:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक के संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम को तैयार किया गया है। 2 जून 2024 सायंकाल 4:45 बजे गांधी स्टेडियम इटारसी में प्रकट उत्सव के साथ संघ शिक्षा वर्ग (तरूण व्यवसायी) का समापन समारोह संपन्न होगा।

# युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

बेरोजगारी की समस्या के समाधान हेतु व्यापक प्रयत्नों जैसे जन जागरण, प्रबोधन वह योजना की आवश्यकता है जिसके लिए आर्थिक संगठनों के साथ-साथ शैक्षिक व सामाजिक संगठनों की एक व्यापक पहल हैः-स्वावलंबी भारत अभियान इसी अभियान के अंतर्गत स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक योगेश मोहन सेठा एवं विभाग संगठक हेमंत रावत की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में विभाग संगठक हेमंत रावत ने बताया कि अभी भारत मैं संगठित क्षेत्र की नौकरियां मिलाकर केवल 6-7% है, जबकि कच्ची ठेके पर बिहारी दर व अन्य सब मिलकर भी 20-21% तक ही नौकरियां होती हैं शेष 79-80% लोग कृषि लबैघु कुटीर उद्योगों एवं स्वरोजगार के माध्यम से अपना रोजगार पाते हैं जबकि सामान्य युवा सरकारी नौकरी तथा बड़ी कंपनियों की नौकरी को ही अपना रोजगार मानते हैं स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत हमें एक ऐसी राष्ट्रीय सोच की आवश्यकता है जो युवाओं को स्थाई आधार पर रोजगार की सुविधा प्रदान करें और जो उत्पादक भी हो ऐसी नीतियां बनाने की जरूरत है जो उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करें हमें कृषि के प्रति उदासीनता को समाप्त करना होगा और कृषि के उत्पादन और उससे होने वाली आय को बढ़ाने के प्रयास करने होंगे। आय का उचित वितरण तभी संभव है जब श्रमिक को उचित मजदूरी मिले। बैठक मे नगर के व्यवसायी संदीप माहेश्वरी देवेश शर्मा कैलाश साहू महाविद्यालय के छात्र सतपाल राजपूत शिवम चौहान हरिओम कोरी स्वदेशी जागरण मंच के नगर संयोजक अजय सिंह राजपूत तहसील सह संयोजक सुरेश कुमार कोरी उपस्थित रहे।

### सात्विक विचारधारा की धनी गीताबाई का निधन



**शोभापुर।** पूर्व कृषि विभाग के सर्वेयर खुमान सिंह सुर्की की पत्नी श्रीमती गीताबाईं का निधन बीते दिनों हो गया है। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनके पति खुमान सिंह सुर्की ने बताया कि उनकी पत्नी सात्विक और धार्मिक विचारधारा की थी। परिवार को एक सूत्र में बांधे रहने में उनकी प्रेरणा उल्लेखनीय रही है। गीता बाई सुर्की अपने पीछे पति खुमान सिंह, पुत्र अजय पाल सिंह, रघुवीर सिंह , भाई शाहब , पौत्र आदित्य, आयुष, अंश, अभिनय छोड़ गई हैं। उनकी द्वादश ( ग्यारवीं )का कार्यक्रम 22 मई को निज निवास भट्टी से होगा।

# ट्रांसफार्मर से पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से अन्नदाता हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खेरी कला में मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल कंपनी के द्वारा 3.3 के,वी का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। इस बात को लेकर ग्रामवासी असंतुष्ट हैं पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री पुरुषोत्तम रघुवंशी ने बताया कि बिजली उपमा प्रबंधक के अनुसार बिजली फीडर पर 3.3 के का ट्रांसफार्मर ही स्वीकृत है इसलिए रखा गया है। रघुवंशी का आरोप है कि विधायक ठाकुरदास नागवंशी के द्वारा 5.5 कवि का ट्रांसफार्मर स्वीकृत कराया गया है लेकिन सारे नियमों को तक में रखते हुए बिजली विभाग वर्तमान में मूंग की फसल की सिंचाई को लेकर पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं दे रहे हैं और ट्रांसफार्मर में भी हेरा फेरी की गई है जिससे ग्रामीणों मैं काफी रोस व्याप्त है। इस बात को लेकर ग्राम वासियों का यह भी आरोप है कि जो ट्रांसफार्मर स्वीकृत हुआ है वह भी नहीं रखा गया है साथ ही पुराने कव्वाडे के ट्रांसफार्मर को लाकर रख दिया गया है। जिसके कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है वहीं कार्यपालन यंत्री दुर्गेश मंडलोई शिव चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि 3.3 केवि का ही ट्रांसफार्मर खेरी कला के लिए स्वीकृत किया गया है। स्वीकृति के अनुसार ही रखा गया है पुराने नए ट्रांसफार्मर से कोई परेशानी नहीं होना चाहिए ट्रांसफार्मर चालू है और यह बिजली विभाग की जिम्मेदारी है उनके द्वारा रख दिया गया है मेंटेनेंस भी विभाग के द्वारा ही किया जाता है कोई आवश्यक नहीं की हर जगह नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जावे क्योंकि यह जिला स्तर से सप्लाई की जाती है वहां से जो प्राप्त होता है उसी को स्थापित किया जाता है यदि किसी को परेशानी है तो वह जिला महाप्रबंधक से चर्चा कर सकते हैं।

### लोकसभा निर्वाचन 2024 मतगणना के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 21 मई को शाम 4:00 बजे से कलेक्टर कार्यालय स्थित रेवा सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए राजेश जायसवाल, राकेश गौर, दुर्गेश नंदन व्यास, शरद शर्मा, राजेश शर्मा, अमिताभ शुक्ला, संदीपन नीखर, दिग्विजय सिंह खत्री, विनोद दुबे, संजय पवार, मनीष चौरे, मनीष सोनी, बाबूलाल चौरे, एम.वी. कनकराज को निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

# राष्ट्रीय युवा हिन्दू वाहिनी ने लगाया हड्डियों की गुणवत्ता जांचने शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी जिला नर्मदा पुरम इटारसी के तत्वावधान में रविवार को हड्डियों की गुणवत्ता (बीएमडी) की निशुल्क जांच एवं परामर्श के लिए शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड पार्षद कल्पेश अग्रवाल ने किया। शिविर में डॉ. नेहा भंडारे ने सभी मरीजों की जांच के आधार पर फ्री परामर्श दिया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आयुर्वेद आज के समय की आवश्यकता है, इसे हमें निःसंकोच अपनाना चाहिए। इस अवसर पर हिन्दू वाहिनी की जिला अध्यक्ष अर्चना मालवीय, संरक्षक ममता मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष चांदनी शुक्ला, सचिव साधना मालवीय, ज्योति त्रिवेदी, रीता अग्रवाल, नीलम मालवीय, भावना यादव, सविता शर्मा, रंजना राजपूत, शीला मालवीय, किरण मालवीया, सपना चौहान ने मिलकर इस कैंप को सफल बनाया। इस मौके पर डॉक्टर नेहा भंडारे का आभार व्यक्त किया। शिविर में श्री धूतपापेश्वर कंपनी के मैनेजर राजेश मालवीय एवं उनके सहयोगी लोकेश बारस्कर का बीएमडी कैंप में महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में लगभग 150 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण हुआ।

# तालनगरी के नर्मदा तट पर आयोजित श्रीराम कथा का पूर्णाहुति के साथ हुआ विश्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सिद्ध तपोवन विजय हनुमान गौ संत सेवा आश्रम नर्मदा घाट के तालनगरी ग्राम में चल रहे श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास संत सीताराम दास जी महाराज ने कहा कि रामराज की जैसी कल्पना की जाती है वह श्री राम कथा से ही संभव है जब प्रभु श्री राम राजा बने अनेक राज में सभी वर्णों के लोग आपस में प्रेम एवं समरसता के साथ धर्म परायण होकर के बड़े ही प्रेम के साथ रहते थे। सब न कर ही परस पर प्रीति, चलही स्वधर्म निरत श्रुति नीति। बयूरू न कर काहु सन कोई, राम प्रताप विषमता खोई। वास्तव में रामराज्य तभी आएगा जब आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम के साथ भाईचारे के साथ अपने-अपने कर्म स्वधर्म को ईमानदारी पूर्वक बर्ताव करेंगे तभी रामराज्य का सपना साकार हो पाएगा सभी खुशी और सभी निरोग हो जाएंगे।

इसी में संपूर्ण विश्व का कल्याण है श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासी तालनगरी एवं समस्त क्षेत्रवासी के जन सहयोग से आश्रम के महंत बालयोगी संत कन्हैया दास जी महाराज के परम सानिध्य में संपन्न कराया गया श्री अयोध्या धाम से पधारे यज्ञाचार्य पं नंदगोपालाचार्य महाराज जी ने यज्ञ की पूर्णाहुति करवाई एवं यज्ञ में आवाहित समस्त देवताओं का विसर्जन किया गया। इस पुण्य अवसर पर पं. भागचंद तिवारी ग्राम के सरपंच दुलीचंद कीर, दौलतराम निमोदा, सुरेश वर्मा, दिन्नू यादव, परसराम पटेल, आचार्य सुरेश शर्मा, वीरेंद्र गौर, नरेश धुर्वे, गोपाल पटेल, जमना तिवारी, बादाम गिरी जी महाराज, नरेंद्र सोलंकी, बलवान सिंह चौहान, उदय पटेल, विनय यादव, महेश, सुरेश, जीवन, दीपक, रतन सिंह कीर सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एमजीएम हॉकी स्टेडियम में जारी है ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण

# शिविर में प्रतिभाशाली खिलाड़ी हो रहे तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



हॉकी की नर्सरी में भविष्य के राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी तैयार करने के लिए ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शहर के महात्मा गांधी हॉकी स्टेडियम में हर दिन सुबह और शाम लगभग 150 बच्चे हॉकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नर्मदापुरम जिला हॉकी संघ के संयुक्त तत्वावधान में हॉकी की नर्सरी से नए हॉकी खिलाडिय़ों को तराशने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर में लगभग 150 लड़के-लड़कियां हर दिन सुबह-शाम हॉकी की ट्रेनिंग ले रहे हैं।

ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर को लेकर जिला हॉकी संघ के सचिव एवं कोच कन्हैया गुरयानी ने बताया कि, युवा कल्याण विभाग और जिला हॉकी संघ के सहयोग से यहां बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हॉकी प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों का कहना है कि उन्हें हॉकी खेल का बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस खेल के माध्यम से वे अपने भविष्य को संवारना चाहते हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षु बच्चों से मिलने हॉकी प्रेमी और बचपन स्कूल के संचालक दीपक दुगाया और स्कूल हेड मंजू ठाकुर गांधी मैदान पहुंचे। उन्होंने कहा कि, इटारसी के बच्चों में हॉकी खेल के प्रति काफी रुचि रहती है। यहां छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में हॉकी स्टिक देखकर लगता है कि यहां हॉकी सर्वाधिक प्रिय खेल है। इस हॉकी की नर्सरी से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी निकल चुके हैं, जो ओलंपिक तक में अपनी खेल कला का जौहर दिखा चुके हैं। उन्होंने यहां साल भर निःशुल्क हॉकी का प्रशिक्षण दिया जाता है, लेकिन गर्मी के दिनों में विशेष प्रशिक्षण के लिए जिला हॉकी संघ के सहयोग से खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से इस प्रशिक्षण शिविर के आयोजन से नये बच्चों को भी लाभ होगा। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर खेल की बारीकियां सीखने को कहा तथा अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं।

### अधिकारियों को निर्देश- वह नहरों के आसपास के क्षेत्र की लगातार मॉनिटरिंग करें

# कलेक्टर ने किया नहरों से सिंचाई कार्य का निरीक्षण, बोले हेडअप तत्काल हटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने रविवार को जिले के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर नहरों के माध्यम से सिंचाई कार्य का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान अजनई माइनर नहर, गोदड़ी, बाजानिया, रूंदलाय, माथनी, करताना, गुरदिया नहर के आसपास के क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पाया गया कि कई किसान नहर के पानी में हेडअप लगाकर सिंचाई में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की नहरों में जहां भी हेडअप लगाए गए हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाए।

कलेक्टर ने अजनई माइनर नहर के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी सुनील सोलंकी द्वारा गत एक माह में किए गए दोरों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग से कहा। उन्होंने ग्राम बाबड़िया माचक उपनहर का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर ने रोलगांव माइनर नहर से की जा रही सिंचाई का कार्य भी देखा। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नहरों के आसपास के क्षेत्र की लगातार मॉनिटरिंग करें, और सिंचाई कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि कहीं नहरों में हेडअप देखने में आए तो उन्हें तत्काल हटाया जाए। कलेक्टर ने उपस्थित तहसीलदार को निर्देश दिए की वे भी स्वयं नहरों के आसपास के ग्रामों का दौरा करें, और अपने अधीनस्थ पटवारियों को भी जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ नहरों से सिंचाई कार्य की मॉनिटरिंग के दौरान साथ रहने के लिए निर्देश दें ताकि नहर के अंतिम छोर के किसानों के खेत तक नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी पहुंच सके। भ्रमण के दौरान करताना क्षेत्र के पटवारी अनुपस्थित थे, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को पटवारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन यंत्री जल संसाधन डी के सिंह ने बताया कि ओसरा बंदी कार्यक्रम लागू कर सिंचाई की व्यवस्था की जा रही है, और अंतिम छोर के खेत तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।



### ओसराबंदी का कार्यक्रम जारी

कार्यपालन यंत्री हंडिया शाखा नहर संभाग टिमरनी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई के लिए पूर्व में जारी ओसराबंदी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। नए कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8 बजे से प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को 0 से 12.09 किलोमीटर तक सभी नहरे बंद रहेंगी। प्रत्येक शुक्रवार व शनिवार को 12 से 21 किलोमीटर तक की सभी नहरें बंद रहेंगी। प्रत्येक रविवार व सोमवार को 21 से 33 किलोमीटर तक की सभी नहर बंद रहेगी, तथा प्रत्येक मंगलवार को 33 से 40 किलोमीटर तक की सभी नहर बंद रहेंगी। उन्होंने बताया कि 5 क्यूसेक से छोटी नहर शाम 6 से सुबह 6 तक बंद रहेंगी। बिना अनुमति और अग्रिम राशि जमा किए बगैर सिंचाई पंप नहीं चलाए जा सकेंगे। ट्रैक्टर चलित 10 हॉर्स पावर से अधिक क्षमता के पंप चलाए जा सकेंगे। डिफाल्टर किसानों द्वारा सिंचाई राजस्व जमा न करने की स्थिति में साइफन पंप बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि पानी की आवक और आवश्यकता को देखते हुए निकट भविष्य में ओसराबंदी कार्यक्रम में आवश्यक बदलाव किया जा सकेगा।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**हरदा।** रविवार सुबह जिले के मसनगांव और कमताड़ा के बीच रेलवे डबल फाटक के पास डाउन ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। वहीं मृतक की पहचान के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे से डाउन ट्रैक के खम्बा नम्बर 655 के पास एक शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो युवक की गर्दन और हाथ शरीर से कुछ दूरी पर पड़े मिले। मामले में सुसाइड की आशंका जताई जा रही है। वहीं ट्रैक से थोड़ी दूरी पर एक बाइक खड़ी मिली है। जिसका नंबर (एमपी 47 एमएन 9768) है। बताया जा रहा है कि युवक कमताड़ा के किसी दीपचंद के यहां कुछ महीनों पहले काम करता था।

## आबकारी विभाग के बाबू ने घर में की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आबकारी विभाग के एक बाबू ने खुदकुशी कर ली। घटना शनिवार रात की है। रविवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर सुसाइड करने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाइयों अनुसार उनके भाई ने किसी प्राइवेट बैंक से कर्ज ले रखा था। उसकी राशि जमा करने को लेकर लगातार उन पर दबाव आ रहा था। संभवतः इसी कारण से उन्होंने यह कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार सोकल कॉलोनी में रहने वाला राजकुमार मालवीय (35) जो 2016 में अपने पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति पर बाबू के पद पर कार्यरत थे। चार भाइयों में राजकुमार सबसे बड़ा भाई था। मृतक के भाई अरुण मालवीय ने बताया कि उनके बड़े भाई राजकुमार की 12 साल पहले शादी हुई थी, उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है। शनिवार रात करीब 10 बजे के आसपास भाई घर आया। इस दौरान भाभी ने उनसे खाना लगाने का पूछा। तब वो पानी पीकर मोबाइल चलाने लगे और कुछ देर बाद कमरे को अंदर से बंद कर लिया और फांसी के फंदे पर झूल गए। कमरे की खिड़की तोड़कर उन्हें फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। तब तक उनकी सांस थम गई थी। मृतक के भाइयों का कहना है कि पिता की मौत के बाद बड़ा भाई ही हम तीनों भाइयों का सहारा था।

## जेल में नहीं मिली साफ-सफाई, कलेक्टर हुए नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार रात्रि में जिला जेल हरदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम कुमार सानू देवड़िया भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान जेल में साफ सफाई न पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट की। उन्होंने जिला जेल के विभिन्न कक्षों में रोशनी कम पाए जाने पर अतिरिक्त बल्ब या ट्यूबलाइट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल की भंडार पंजी और लेखा संबंधि पंजियों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए के जेल में सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें।



# कलेक्टर के आश्वासन के बाद किसानों ने किया धरना समाप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

ग्राम बावड़िया व पहटकला के बीच ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल के लिए पानी माचक नहर के टेल एरिया में नहीं मिलने से नाराज धरने पर बैठे किसानों ने कलेक्टर के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया। धरने के तीसरे दिन रविवार को सुबह 10 बजे धरना स्थल पर कलेक्टर प्रशासनिक अमले के साथ पहुंचे एवं किसानों से चर्चा की। किसानों की मांग थी कि हमें रेगुलर 5 दिन तक सिंचाई के लिए पानी दिया जाए जिससे फसल खराब होने से बच सके। कलेक्टर ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कल सुबह से माचक में पानी छोड़ा जाए और रेगुलर 36 घंटे किसानों को पानी पर्याप्त मात्रा में दिया जाए। वह ओसराबंदी के हिसाब से बराबर चलाया जाए। कलेक्टर और किसानों के बीच सहमति बनने के बाद कलेक्टर के आश्वासन पर किसानों ने अपना धरना समाप्त किया। धरना स्तर पर उपस्थित किसान रामनिवास पटेल, संजय सिंह राजपूत, राहुल चौहान, मंगल सिंह राजपूत, अजय राजपूत, मुकेश चौहान, काशीनाथ सोलंकी, मुकेश बलिया, संतोष राठौड़, राहुल मुकदम, राहुल राठौर, मेहुल चौहान, दीपक बांके, सुनील गुर्जर, विक्रम सिंह राजपूत, शुभम निकम, महेंद्र सोलंकी, माधव राजपूत, सतीश राजपूत, शिवा चावड़ा, बलवंत राजपूत, शंकर सिंह सोलंकी, शिवदान सोलंकी, पदम साहब, राजेंद्र सिंह सावनेर, दीपक कलम, सतीश राजपूत, नारायण यादव, रूप सिंह पटेल सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### मुस्लिम समाज के सद्भावना मंच ने किया स्वागत

## सर्व ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार शाम सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से शहर में शोभायात्रा निकाली गई। आचार संहिता के चलते समाजजन ने 10 मई को परशुराम जयंती पर शोभायात्रा नहीं निकाली थी उन्होंने 18 मई को शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा प्रतापपुरा स्थित जय विलास पैलेस से डाकवाड़ी, पांडुमल चौराहा, कमल टॉकिज, गांधी चौक, फव्वारा चौक, बाई साहब की हवेली, तिलक चौराहा से होते हुए वापस प्रतापपुरा पहुंचकर समाप्त हुई। समाज के संजय दुबे ने बताया शोभायात्रा यात्रा में बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, महापौर माधुरी अतुल पटेल, कैलाश पारीक, डॉ. आनंद दीक्षित, दुर्गेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं मुस्लिम समाजजन की ओर से गठित सद्भावना मंच ने शोभायात्रा पर फूल बरसाकर स्वागत किया।

### बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं भी शामिल हुईं। बालिकाएं भी बड़ी संख्या में घोड़े पर सवार होकर निकलीं। शोभायात्रा के माध्यम से समाजजन ने आपसी भाईचारा, एकता का संदेश दिया। सद्भावना मंच की ओर से स्वागत करक साम्प्रदायिक एकता की मिसाल पेश की।

### अग्रसेन भवन में लगाया निःशुल्क जांच शिविर

## डॉक्टर ने 200 से अधिक लोगों का चेकअप कर दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

आमजन को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और अगर किसी प्रकार की बीमारी हो तो उसे समय पर पता चलने पर समुचित उपचार हो इस उद्देश्य से शहर के व्यवसायी कपिल अग्रवाल ने अग्रवाल समाज की ओर से रविवार को अग्रसेन भवन में चंदादेवी दिनेश अग्रवाल की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों पहुंचकर चेकअप कराया। कपिल अग्रवाल ने बताया करीब 200 से अधिक लोगों ने इस निःशुल्क शिविर में पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। डॉक्टर अतुल राय सहित अन्य ने अपनी सेवाएं दी।



उन्होंने कहा मुझे मेरी मां के बीमार होने पर उन्हें हुई बीमारी का दो माह पहले ही पता चला था। इसलिए मैं चाहता हूं कि किसी और के साथ ऐसा न हो। लोग अपने स्वास्थ्य की समय पर कराएं ताकि अगर किसी प्रकार की बीमारी हो तो उसका उपचार तत्काल हो सके। इस दौरान अग्रवाल समाज से काफी संख्या में लोग पहुंचे और चेकअप कराया।

### मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग ने किया सम्मानित

## अभिनेता धर्मेंद्र को मिला राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र देओल को मध्यप्रदेश शासन का राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान 2022 प्रदान किया गया है। संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव ने धर्मेंद्र के मुंबई स्थित निवास पर 18 मई को राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान-2022 से विभूषित किया। यह सम्मान देओल को अभिनय के क्षेत्र में सतत सक्रियता, उत्कृष्ट सृजन, सुदीर्घ साधना और श्रेष्ठ प्रतिमानों के लिए प्रदान किया गया है।

समाजसेवी एवं किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मप्र शासन, संस्कृति विभाग ने उत्कृष्टता और सृजन को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने की अपनी सुप्रतिष्ठित परंपरा का अनुसरण करते हुए सिनेमा के क्षेत्र में निर्देशन, अभिनय, पटकथा और गीत लेखन के लिए वार्षिक राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान की स्थापना की है। साल 2022 के लिए मध्यप्रदेश शासन का यह प्रतिष्ठित सम्मान लोकप्रिय अभिनेता धर्मेंद्र देओल को प्रदान किया गया है। सम्मान मिलते ही धर्मेंद्र देओल भाव-विभोर हो गए और उन्होंने कहा कि मैं कृतज्ञ हूं मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के प्रति कि किशोर कुमार जैसे महान व्यक्तित्व के नाम से स्थापित यह राष्ट्रीय सम्मान मुझे प्रदान किया। मैं शुक्रगुजार हूं अपने प्रशंसकों का, जिनका अनंत प्रेम मेरे साथ सदैव बना रहता है। मुझसे पहले जिन महान कलाकारों को यह सम्मान दिया जा चुका है उनमें कुछ मेरे गुरु के समान है, कुछ सम्मानीय हैं और कुछ मेरे साथी भी हैं, आज उनकी सूची में स्वयं का नाम देख प्रसन्नता का ठिकाना नहीं है।



## विधायक चिटनिस बोलीं- जिला अस्पताल में लोगों को कुछ दिन से बाहर कराना पड़ रही सोनोग्राफी, व्यवस्था में करें सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने जिला अस्पताल बुरहानपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक सुधार की बात कही है। चिटनिस ने ब्लड सेपरेशन यूनिट स्थापना, डायलेसिस मशीन और सोनोग्राफी मशीन संचालन सहित अन्य व्यवस्थाओं में सुधार करने को कहा है।

विधायक ने पत्र में कहा है कि जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध होने के बावजूद पिछले कुछ महीनों से मरीजों, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी सप्ताह में कुछ दिन ही की जा रही है जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को निजी चिकित्सालयों में सोनोग्राफी कराना पड़ रही है। इससे मरीजों को आर्थिक नुकसान व आवागमन में समय सहित अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोनोग्राफी मशीन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाना चाहिए, जिससे यहां आने वाले मरीजों को शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय में ब्लड सेपरेशन यूनिट स्थापित किया जाना है। जिसका सिविल कार्य भी पूर्ण हो चुका है। चूंकि ब्लड सेपरेशन यूनिट के लिए लगने वाले रजिस्ट्रीकरण किया जाना शेष है। मशीनों के संचालन के लिए प्रशिक्षण भी शेष है। जिसके कारण इस सुविधा का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलने में विलंब हो रहा है।



चिटनिस ने कहा कि जिला चिकित्सालय में 4 डायलेसिस मशीन संचालित हो रही हैं। जिले के डायलेसिस कराने वाले सभी मरीजों को मात्र इन 4 मशीनों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। जबकि जिला चिकित्सालय आकर डायलेसिस कराने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। साथ ही गंभीर मरीजों जैसे एचआईव्ही, हेपेटाईटिस मरीजों के लिए अलग से कोई डायलेसिस मशीन उपलब्ध नहीं है। जिससे मरीजों को निजी चिकित्सालय में जाना पड़ रहा है और उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### श्रद्धालुओं को परेशान न होना पड़े इसलिए अबकी बार 9 काउंटर बनाए गए

# कुबेरेश्वरधाम पर रुद्राक्ष लेने के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर क्षेत्र के प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण चल रहा है। यहां पर आज रुद्राक्ष वितरण कर चौथा दिन है। बीते दिनों की अपेक्षा आज श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ी है। देश के अलग-अलग हिस्सों से यहां पर श्रद्धालु रुद्राक्ष लेने के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें युवाओं से लेकर बुजुर्ग सभी लोग शामिल हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए यहां पर व्यवस्थाएं कराई गई हैं। प्रबंधन की ओर से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रहने, खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई हैं, ताकि दूर से आ रहे लोग अधिक परेशान न हों। पिछले वर्षों से अंदाजा लगाया जाए तो यहां पर दिनों-दिन श्रद्धालुओं की संख्या में और भी बढ़त मिलेगी।

**सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होता है रुद्राक्ष का वितरण :** प्रबंधन की ओर से रुद्राक्ष वितरण के लिए सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। यहां पर इसी समय में रुद्राक्ष का वितरण होता है। जब भी यहां पर रुद्राक्ष वितरण होता है तो श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को परेशान न होना पड़े इसलिए अबकी बार 9 काउंटर बनाए गए हैं। श्रद्धालु इन्हीं 9 काउंटर पर लाइनों में लगकर रुद्राक्ष प्राप्त कर रहे हैं। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि इस बार किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही। ज्यादा काउंटर बने होने की वजह से आसानी से रुद्राक्ष प्राप्त हो रहे हैं, इसके लिए अधिक परेशान नहीं होना पड़ रहा।



**देश के अलग-अलग हिस्सों से आ रहे हैं श्रद्धालु :** कुबेरेश्वर धाम से वितरित होने वाले रुद्राक्ष प्राप्त करने के लिए देश भर के लोग हर साल इंतजार करते हैं। यहां पर दूर-दूर से श्रद्धालु रुद्राक्ष प्राप्त करने के लिए आते हैं। इस बार भी लोगों को जैसे-जैसे रुद्राक्ष वितरण का पता लगता जा रहा है, लोग वैसे-वैसे अपनी सुविधा के अनुरूप यहां पर आ रहे हैं। महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, गुजरात, राजस्थान आदि राज्यों के लोग मिल चुके हैं।

**श्रद्धालुओं के रहने, खाने-पीने की है व्यवस्था :** दूर से आने वाले लोगों के लिए अधिक परेशान न होना पड़े इसका भी ध्यान रखा गया है। रुद्राक्ष वितरण स्थल के पास में ही एक शेड में लोगों को रुकने की व्यवस्था की गई है। लोग यहीं पर अपने अपने सामान रखकर आराम कर रहे हैं। वहीं जो लोग अत्यधिक दूर से आ रहे हैं, वह यहां पर अपने सामान रखकर रात को भी आराम कर रहे हैं। इन दिनों काफी गर्मी बढ़ती जा रही हैं। लोगों के लिए पानी और भोजन के लिए परेशान न होना पड़े इसलिए वहां पर व्यवस्था कराई गई है। इसके साथ ही भोजन भी कराया जा रहा है। यहां पर भोजन की व्यवस्था निःशुल्क है। यहां आने वाले सभी लोग भोजन करने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने की वजह से लंबी लाइनें लग रही हैं परंतु व्यवस्थाओं में लगे लोग बढ़िया तरीके से भोजन कराते जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार यहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को भोजन की व्यवस्था कराई जा रही है।

### 42.5 डिग्री पहुंचा तापमान

## 20 मई तक 44.9 डिग्री तक बढ़ सकता है टेम्प्रेचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बीते एक सप्ताह से जिले में अधिकतम तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, बीते डेढ़ माह के दौरान अब तक 17 बार वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव के कारण शाम के समय मौसम बदलता रहा है। हालांकि, इसके बाद भी गर्मी के तीखे तेवर लगातार जारी है। अब मौसम विभाग ने हनुमान जताया है कि 20 मई को अधिकतम तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एस एस तोमर ने बताया कि हवाओं की गति अभी करीब 16 किलोमीटर प्रति घंटे चल रही है। आसमान पर हल्के बादल छाए हुए थे। अब आसमान पूरी तरह साफ हो गया है। ऐसे में अब अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना नजर आ रही है।

